**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 364**
**25/07/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**हीटवेब से निपटने की कार्य योजना**

362. श्री विक्रमजीत सिंह साहनी:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मई 2024 में अपने इतिहास का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया;

(ख) क्या यह भी सच है कि उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी उनके अधिकतम तापमान दर्ज किए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार ने इस हीटवेब को नियंत्रित करने और रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पंजाब और दिल्ली के लिए हीटवेब सहित जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवंटित और जारी की गई धनराशि का योजना/परियोजना-वार, राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) जी नहीं।

(ख) जी हां। ब्यौरा अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(ग) लू को नियंत्रित करना संभव नहीं है, फिर भी, लू सहित चरम मौसम की घटनाओं के दौरान जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग ने निगरानी की है तथा निम्नलिखित पूर्व चेतावनी सूचना उपलब्ध करवाई है:-

i. ऋतुनिष्ठ और मासिक पूर्वानुमान जारी करना, उसके बाद तापमान और लू की स्थितियों का विस्तारित अवधि पूर्वानुमान जारी करना।
ii. राज्य सरकार के प्राधिकरणों और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को योजना बनाने और उपयुक्त कार्रवाई करने में मदद करने के लिए संपूर्ण भारत में जिलावार लू सूचकांक पूर्वानुमान तथा लू संवेदनशीलता एटलस।
iii. भारत में गर्म मौसम के संकट का विश्लेषण जिसमें दैनिक तापमान, पवनें और आर्द्रता की स्थिति शामिल है।
iv. समय पर सार्वजनिक पहुंच के लिए यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्सप्लेट फॉर्म, इंस्टाग्राम आदि जैसे विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्वानुमान और चेतावनी प्रसारण।

(घ) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) द्वारा कार्यान्वित पृथ्वी योजना के तहत, केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत देश भर में अनेक कार्यक्रम समान रूप से संचालित किए जा रहे हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को आवंटित निधियों का प्राथमिक उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से निपटने के बजाय मौसम की घटनाओं की निगरानी और पूर्वानुमान लगाना है। यह नोट किया जाए कि पृथ्वी योजना के तहत विशेष रूप से लू से निपटने के लिए कोई समर्पित निधि नहीं है। इसके अतिरिक्त, निधियों का आवंटन राज्यवार आधार पर वितरित नहीं किया जाता है।

अनुलग्नक - 1

**भारतीय क्षेत्र में मई 2024 के दौरान चरम (अधिकतम) तापमान रिपोर्ट करने वाले केन्द्र:**

| क्र. सं. | केन्द्र का नाम | अधिकतम तापमान (°C) | तारीख | से डेटा की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आगरा (ताज) | 48.6 | 28-05-2024 | 1977 |
| 2 | अलपुझा | 38 | 08-05-2024 | 1951 |
| 3 | अनंतपुर | 44.7 | 04-05-2024 | 1951 |
| 4 | आरोग्यवरम | 41.5 | 05-05-2024 | 1951 |
| 5 | बारापानी | 35.3 | 01-05-2024 | 1976 |
| 6 | बेंगलुरु (एचएएल) | 38.2 | 02-05-2024 | 1951 |
| 7 | बेंगलुरु (केआईए) | 39.2 | 04-05-2024 | 2014 |
| 8 | चंडीगढ़ | 46 | 29-05-2024 | 1954 |
| 9 | चेरापूंजी | 30.9 | 26-05-2024 | 1913 |
| 10 | चर्क | 47 | 29-05-2024 | 1978 |
| 11 | चुरू | 50.5 | 28-05-2024 | 1956 |
| 12 | कूच बिहार | 40.5 | 25-05-2024 | 1952 |
| 13 | देहरादून | 43.2 | 31-05-2024 | 1892 |
| 14 | देहरी | 47 | 28-05-2024 | 1952 |
| 15 | धर्मपुरी | 42.5 | 02-05-2024 | 1975 |
| 16 | धुबरी | 38.2 | 25-05-2024 | 1952 |
| 17 | इरोड | 44 | 02-05-2024 | 1997 |
| 18 | फुरसतगंज | 47.2 | 29-05-2024 | 2006 |
| 19 | गया | 47.4 | 29-05-2024 | 1896 |
| 20 | हल्दिया | 41.8 | 01-05-2024 | 1981 |
| 21 | हमीरपुर | 48.2 | 28-05-2024 | 1981 |
| 22 | ईटानगर | 40.5 | 25-05-2024 | 2007 |
| 23 | झांसी | 49 | 28-05-2024 | 1892 |
| 24 | कडप्पा | 46.2 | 03-05-2024 | 1897 |
| 25 | करुर परमथी | 44.3 | 02-05-2024 | 1977 |
| 26 | कारवार | 38 | 29-05-2024 | 1952 |
| 27 | कोच्चि (सीआईएएल) | 38 | 08-05-2024 | 2004 |
| 28 | कोट्टायम | 37.7 | 08-05-2024 | 1970 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | कुरनूल | 45.9 | 04-05-2024 | 1921 |
| 30 | लुमडिंग | 43 | 25-05-2024 | 1951 |
| 31 | मालंजखंड | 45 | 28-05-2024 | 1978 |
| 32 | मांड्या | 39.2 | 01-05-2024 | 1972 |
| 33 | माथेरान | 36 | 01-05-2024 | 1974 |
| 34 | माजबत | 39.8 | 22-05-2024 | 1962 |
| 35 | मोहनबाड़ी | 38.8 | 25-05-2024 | 1952 |
| 36 | मैसूर | 38.3 | 03-05-2024 | 1899 |
| 37 | नारनौल | 48.5 | 28-05-2024 | 1965 |
| 38 | नई दिल्ली (आयानगर) | 47.6 | 28-05-2024 | 1967 |
| 39 | नई दिल्ली (रिज) | 47.5 | 28-05-2024 | 1973 |
| 40 | उत्तरलखीमपुर | 39.2 | 25-05-2024 | 1954 |
| 41 | उरई | 47.4 | 29-05-2024 | 1951 |
| 42 | पासीघाट | 39.6 | 25-05-2024 | 1957 |
| 43 | प्रयागराज (इलाहाबाद) | 48.8 | 29-05-2024 | 1896 |
| 44 | पुनलुर | 40 | 08-05-2024 | 1956 |
| 45 | काजीगुंड | 34 | 27-05-2024 | 1962 |
| 46 | रतलाम | 46.2 | 24-05-2024 | 1951 |
| 47 | रीवा | 48.2 | 28-05-2024 | 1965 |
| 48 | रोहतक | 48.8 | 29-05-2024 | 1967 |
| 49 | सागर | 46.7 | 27-05-2024 | 1951 |
| 50 | सीधी | 48.2 | 30-05-2024 | 1958 |
| 51 | सिल्चर | 40 | 25-05-2024 | 1900 |
| 52 | सोलन (नौनी) | 38.4 | 31-05-2024 | 1981 |
| 53 | श्रीगंगानगर | 49.4 | 28-05-2024 | 1944 |
| 54 | सुल्तानपुर | 46.2 | 31-05-2024 | 1970 |
| 55 | टी.बी.आई.ए. | 39.6 | 15-05-2024 | 2005 |
| 56 | तडोंग | 32.9 | 26-05-2024 | 1977 |
| 57 | तेजपुर | 39.5 | 25-05-2024 | 1952 |
| 58 | तिरुवनंतपुरम | 37.8 | 08-05-2024 | 1951 |
| 59 | तिरुवनंतपुरम (ए) | 36.7 | 08-05-2024 | 1955 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 60 | त्रिशूर (वेल्लानिक्कारा) | 39.5 | 08-05-2024 | 1996 |
| 61 | तिरुपति | 45.6 | 01-05-2024 | 1973 |
| 62 | उदगमंडलम | 28.7 | 02-05-2024 | 1951 |
| 63 | ऊना | 46 | 29-05-2024 | 1985 |
| 64 | वालपराई | 31.5 | 02-05-2024 | 2004 |
| 65 | वाराणसी | 47.2 | 28-05-2024 | 1884 |
| 66 | वाराणसी (ए)(बाबतपुर) | 47.8 | 30-05-2024 | 1952 |

*****